# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-31.08.2025**

“ऑपरेशन सवेरा”

“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”

थाना कांधला पुलिस द्वारा “ऑपरेशन सवेरा” अभियान के क्रम में 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से अवैध 400 ग्राम चरस बरामदः-

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान “ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर” चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 31.08.2025 को थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर प्रवेज पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला नई बस्ती सलेमपुर रोड कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली को अवैध 400 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कांधला पर मु0अ0सं0-364/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त प्रवेज उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है।

नाम व पता अभियुक्तः-

1. प्रवेज पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला नई बस्ती सलेमपुर रोड कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरण

- अवैध 400 ग्राम चरस।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-

- मु0अ0सं0-564/23 धारा 21/8 एनडीपीएस एक्ट थाना कांधला जनपद शामली।
- मु0अ0सं0-164/24323,304,506 भादवी थाना कांधला जनपद शामली।
- मु0अ0सं0-364/2025 /8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कांधला जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

- उ0नि0 श्री ओंकार नाथ पाण्डे थाना कांधला जनपद शामली।
- है0का0 सुशील बुटार थाना कांधला जनपद शामली।
- का0 राजबीर सिंह थाना कांधला जनपद शामली।

पुलिस की अपील

शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

“नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर” बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।



थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-

आज दिनांक 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.अंकुर पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम शेखूपुरा थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री अनुज कुमार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री प्रेमपाल सिंह थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

3.है0का0 विपिन कुमार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।



थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खानपुर में जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

ज्ञात हो कि दिनांक 26.08.2025 को रोहित पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम खानपुर थाना बाबरी जनपद शामली के पिता जी देवेन्द्र सिंह, व उनके साथी प्रमोद, कुलदीप खेत पर बने ट्यूबेल के कमरे लेटे हुए थे तभी वहां धर्मवीर अपने पुत्रो राज उर्फ बंटी व सचिन के साथ आकर लाठी डंडो से मारपीट व धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया, जिससे मेरे पिता जी देवेन्द्र व उनके साथी प्रमोद व कुलदीप गंभीर रुप से घायल हो गया था। घटना के सम्बन्ध में रोहित उपरोक्त की दी गई तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली ने अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष थाना बाबरी को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में आज दिनाँक 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण
1.राज उर्फ बंटी पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम खानपुर थाना बाबरी जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
1.उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।
2.है0का0 अशोक कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।
3.हो0गा0 रणवीर सिंह थाना बाबरी जनपद शामली।



थाना झिंझाना पुलिस द्वारा ग्राम केरटू के निकट सिद्धू मूसेवाला पंजाबी ढाबा के पास हुई पीट – पीट कर हत्या कर देने के मामले में 02 वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तार

ज्ञात हो कि दिनांक 29.08.2025 को थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केरटू के निकट अंकुर पुत्र सलतू निवासी ग्राम रियावली थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर की सिद्धू मूसेवाला पंजाबी ढाबा के पास अभियुक्तगण राजबीर, जयबीर, अंकित द्वारा पीट – पीट कर हत्या कर देने के संबंध में मृतका के परिजनो द्वारा थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दी गई । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक झिंझाना को दिये गये थे

इसी क्रम में आज दिनांक 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केरटू के निकट सिद्धू मूसेवाला पंजाबी ढाबा के पास हुई हत्या के मामले में 02 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन किया गया है। शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.राजबीर पुत्र बिरम सिंह निवासी ग्राम रियावली नगला थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर

2.जयबीर पुत्र बिरम सिंह निवासी ग्राम रियावली नगला थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर



थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.साजिद पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम तितरवाडा थाना कैराना जनपद शामली।



SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI